# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**

**Website- https://vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/**


क्रमांक / व्यापम / परीक्षा / एफ–20 / 2024 / 1785 रायपुर, दिनांक 23/08/24

## कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत वनरक्षक पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (FDFG24) आयोजन के सम्बंध में विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा./अराज.) कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्र./प्रशा.अराज.1/ 320–5/ 2023 /6670 अटल नगर, दिनांक 28.06.2024 एवं वन संरक्षक, वन प्रबंधन सूचना प्रणाली, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) का पत्र क्र/स्था./928, दिनांक 13.08.2024 द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर वनरक्षक पद हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 22.09.2024 को पूर्वान्ह में किया जायेगा ।

वनरक्षक के पद हेतु कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा किये गये थे व विभागीय शारीरिक दक्षता परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छ.ग. व्यापम वेबसाइट के लिंक में जाकर पंजीयन करना आवश्यक होगा तथा परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा ।

व्यापम पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा, जिस अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाइट में पंजीयन नहीं किया जायेगा उन्हें कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा से वंचित माना जायेगा व जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी के स्वयं की होगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे । अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में जमा किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी ।

लिखित परीक्षा हेतु समय सारिणी निम्नानुसार है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की प्रारंभिक तिथि | – | **23.08.2024 (शुक्रवार)** |
| 2. | व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की अंतिम तिथि | – | 08.09.2024 (रविवार) रात्रि 11:59 बजे तक |
| 3. | व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | – | 16.09.2024 (सोमवार) |
| 4. | परीक्षा की तिथि (संभावित) | – | **22 सितंबर 2024 (रविवार)** |
| 5. | परीक्षा का समय : | – | पूर्वान्ह 10:00 से 12:15 बजे तक |
| 6. | परीक्षा केन्द्र : | – | **बिलासपुर एवं रायपुर** |

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

क्रमशः